प्रश्न 8 XY त्रिभुज ABC की भुजा BC के समांतर एक रेखा है। यदि BE || AC और CF || AB रेखा XY से क्रमशः E और F पर मिलती है, तो दर्शाइए कि-

ar(ABE) = ar(ACF)

उत्तर-



दिया है- XY त्रिभुज ABC की भुजा BC के समांतर एक रेखा है। यदि BE || AC और CF || AB रेखा XY से क्रमश : E और F पर मिलती है।

सिद्ध करना है- ar(ABE) = ar(ACF)

रचना- E तथा F को A से मिलाया।

प्रमाण- BC || XY और BE || AC दिया है, इसलिए BCYE एक समांतर चतुर्भुज है।

इसी प्रकार BC || XY और CE || AB दिया है अत: BCFX भी समांतर चतुर्भुज है।

अब समांतर चतुर्भुज BCYE तथा BCFX एक ही आधार BC और BC || XY के मध्य-स्थित है

इसलिए ar(BCYE) = ar(BCFX) ...(1)

(एक ही आधार और एक ही समांतर रेखाओं के मध्य स्थित समांतर चतुर्भुज क्षेत्रफल में बराबर होते है)

$\triangle ABE$ और ||gm BCYE एक ही आधार BE और BE || AC के मध्य-स्थित है।

इसलिए $\mathrm{ar}(ABE) = \frac{1}{2}\mathrm{ar}(BCYE) \ldots (2)$

इसप्रकार $\triangle ACF$ और ||gm BCFX एक ही आधार CF और CF || AB के मध्य स्थित है।

इसलिए $\mathrm{ar}(ACF) = \frac{1}{2}\mathrm{ar}(BCFX)$

अथवा $\mathrm{ar}(ACF) = \frac{1}{2}\mathrm{ar}(BCYE)$ समीकरण (1) से ...(3)

समीकरण (2) तथा (3) से

$\mathrm{ar}(ABE) = \mathrm{ar}(ACF)$

प्रश्न 9 समान्तर चतुर्भुज ABCD की एक भुजा AB को एक बिंदु P तक बढाया गया है। A से होकर CP के समांतर खिंची गई रेखा बढाई गई CB को Q पर मिलती है और फिर समांतर चतुर्भुज PBQR को पूरा किया गया है। दर्शाइए कि ar(ABCD) = ar(PBQR) है।

[**संकेत-** AC और PQ को मिलाइए। अब ar(ACQ) और ar(APQ) कि तुलना कीजिये।]

उत्तर-



दिया है- ABCD तथा PBQR समांतर चतुर्भुज है।

जहाँ AQ || CP है।

सिद्ध करना है- ar(ABCD) = ar(PBQR)

अतः $\mathrm{ar}(\mathrm{ABC}) = \frac{1}{2}\mathrm{ar}(\mathrm{ABCD}) \ldots (1)$

||gm PBQR का PQ भी एक विकर्ण है।

इसलिए $\mathrm{ar}(\mathrm{PQB}) = \frac{1}{2}\mathrm{ar}(\mathrm{PBQR}) \ldots (2)$

प्रमाण- ||gm ABCD का AC एक विकर्ण है।

△ACQ तथा △APQ एक ही आधार AQ तथा CP || AQ के मध्य स्थित है।

अत: ar(ACQ) = ar(APQ) ...(3)

(एक ही आधार और एक ही समांतर रेखाओं मध्य स्थित त्रिभुज क्षेत्रफल में बराबर होते हैं।)

समीकरण (3) में दोनों तरफ ar(ABQ) घटाने पर

ar(ACQ) - ar(ABQ) = ar(APQ) - ar(ABQ)

या ar(ABC) = ar(PBQ)

$\frac{1}{2}\mathrm{ar}(\mathrm{ABCD}) = \frac{1}{2}\ \mathrm{ar}(\mathrm{PBQR})$ समी. (1) तथा (2)

$\mathrm{ar}(\mathrm{ABCD}) = \mathrm{ar}(\mathrm{PBQR})$

प्रश्न 10 एक समलंब ABCD, जिसमें AB || DC हैं, के विकर्ण AC और BD परस्पर O पर प्रतिच्छेद करते हैं। दर्शाइए कि ar(AOD) = ar(BOC) है।



उत्तर-



दिया है- एक समलंब ABCD, जिसमें AB || DC हैं, के विकर्ण AC और BD परस्पर O पर प्रतिच्छेद करते हैं।

सिद्ध करना है- ar(AOD) = ar(BOC)

प्रमाण- △ACD तथा △BCD एक ही आधार DC तथा AB || DC के बीच स्थित है।

अत: ar(ACD) = ar(BCD) ...(1)

(एक ही आधार और एक ही समांतर रेखाओं मध्य स्थित त्रिभुज क्षेत्रफल में बराबर होते हैं।)

दोनों तरफ ar(COD) घटाने पर

ar(ACD) - ar(COD) = ar(BCD) - ar(COD)

या ar(AOD) = ar(BOC) इति सिद्धम्।

प्रश्न 11 ABCDE एक पंचभुज है। B से होकर AC के समांतर खिंची गई रेखा बढाई गई DC को F पर मिलती है। दर्शाइए कि

i. ar(ACB) = ar(ACF)
ii. ar(AEDF) = ar(ABCDE)

उत्तर-



दिया है- ABCDE एक पंचभुज है। B से होकर AC के समांतर खिंची गई रेखा बढाई गई DC को F पर मिलती है।

सिद्ध करना है-

i. ar(ACB) = ar(ACF)
ii. ar(AEDF) = ar(ABCDE)

प्रमाण- $AC \parallel BF$ दिया है।

$\triangle ACB$ और $\triangle ACF$ एक ही आधार AC तथा $AC \parallel BF$ के बीच स्थित है।

अतः $ar(ACB) = ar(ACF)$ ...(1)

(एक ही आधार और एक ही समांतर रेखाओं मध्य स्थित त्रिभुज क्षेत्रफल में बराबर होते हैं।)

अब दोनों तरफ $ar(ACDE)$ जोड़ने पर

$ar(ACB) + ar(ACDE) = ar(ACF) + ar(ACDE)$

या $ar(ABCDE) = ar(AEDF)$

या $ar(AEDF) = ar(ABCDE)$ इति सिद्धम्।

प्रश्न 12 गाँव के एक निवासी इतवारी के पास एक चतुर्भुजाकार भूखंड था। उस गाँव की ग्राम पंचायत ने उसके भूखंड के एक कोने से उसका कुछ भाग लेने का निर्णय लिया ताकि वहाँ एक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराया जा सके। इतवारी इस प्रस्ताव को इस प्रतिबन्ध् के साथस्वीकार कर लेता है कि उसे इस भाग के बदले उसी भूखंड के संलग्न एक भाग ऐसा दे दिया जाए कि उसका भूखंड त्रिभुजाकार हो जाए। स्पष्ट कीजिए कि इस प्रस्ताव को किस प्रकार कार्यान्वित किया जा सकता है।

उत्तर-



दिया है- ABCD एक चतुर्भुज है। ar(BEC) स्वास्थ्य केंद्र के लिए भूखंड है।

सिद्ध करना है- ar(ABCD) = ar(PCD)

रचना- A को C से मिलाया और AB के बढ़े हुए भाग P बिंदु से AC || PB खिंचा।

प्रमाण- △ACP तथा △ACB एक ही आधार AC तथा AC || PB के बीच स्थित है।

अत: ar(ACP) = ar(ACB) ...(1)

(एक ही आधार और एक ही समांतर रेखाओं मध्य स्थित त्रिभुज क्षेत्रफल में बराबर होते हैं)

ar(AEC) दोनों तरफ घटाने पर

ar(ACP) - ar(AEC) = ar(ACB) - ar(AEC)

या ar(AEP) = ar(BEC) ...(2)

अत: ar(BEC) स्वास्थ्य केंद्र है और ar(AEP) के बदले मिला भूखंड है।

अब समीकरण (2) में दोनों तरफ ar(AECD) जोड़ने पर

ar(BEC) + ar(AECD) = ar(AEP) + ar(AECD)

या ar(ABCD) = ar(PCD)

प्रश्न 13 ABCD एक समलंब है, जिसमें AB || DC है और AC के समांतर एक रेखा AB को X पर और BC को Y पर प्रतिच्छेद करती है। सिद्ध कीजिए कि ar(ADX) = ar(ACY) है।

[**संकेत-** CX को मिलाइए]

उत्तर-



दिया है- ABCD एक समलंब है, जिसमें AB || DC है और AC के समांतर एक रेखा AB को X पर और BC को Y पर प्रतिच्छेद करती है।

सिद्ध करना है- ar(ADX) = ar(ACY)

रचना- CX और AY को मिलाया।

प्रमाण- $\triangle ADX$ तथा $\triangle ACX$ एक ही आधार AX और AB || DC के मध्य स्थित है।

अत: ar(ADX) = ar(ACX) ...(1)

(एक ही आधार और एक ही समांतर रेखाओं मध्य स्थित त्रिभुज क्षेत्रफल में बराबर होते हैं।)

अब $\triangle ACY$ तथा $\triangle ACX$ एक ही आधार AC तथा AC || XY के बीच स्थित है।

अत: ar(ACY) = ar(ACX) ...(2)

समीकरण (1) तथा (2) से हमें प्राप्त होता है।

ar(ADX) = ar(ACY)

प्रश्न 14 दी गई आकृति में, AP || BQ || CR है। सिद्ध कीजिए कि ar(AQC) = ar(PBR) है।

उत्तर-



दिया है- दी गई आकृति में, AP || BQ || CR है।

सिद्ध करना है- ar(AQC) = ar(PBR)

प्रमाण- AP || BQ दिया है अत: △ABQ तथा △PQB एक ही आधार BQ तथा AP || BQ के मध्य स्थित है।

∴ ar(ABQ) = ar(PQB) ...(1)

(एक ही आधार और एक ही समांतर रेखाओं मध्य स्थित त्रिभुज क्षेत्रफल में बराबर होते हैं।)

इसी प्रकार, BQ || CR दिया है और △BQC तथा △BQR एक ही आधार BQ तथा BQ || CR के बीच स्थित है।

∴ ar(BQC) = ar(BQR) ...(2)

समीकरण (1) तथा (2) जोड़ने पर

ar(ABQ) + ar(BQC) = ar(PQB) + ar(BQR)

या ar(AQC) = ar(PBR)

प्रश्न 15 चतुर्भुज ABCD के विकर्ण AC और BD परस्पर बिंदु O पर इस प्रकार प्रतिच्छेद करते हैं कि ar(AOD) = ar(BOC) है। सिद्ध कीजिए कि ABCD एक समलंब है।

उत्तर-



दिया है- चतुर्भुज ABCD के विकर्ण AC और BD परस्पर बिंदु O पर इस प्रकार प्रतिच्छेद करते हैं कि ar(AOD) = ar(BOC) है।

सिद्ध करना है- ABCD एक समलंब है।

प्रमाण- ar(AOD) = ar(BOC) ...(1) (दिया है)

समीकरण (1) में दोनों तरफ

ar(COD) जोड़ने पर ar(AOD) + ar(COD) = ar(BOC) + ar(COD)

या ar(ACD) = ar(BCD)

अब △ACD तथा △BCD एक ही आधार CD और ar(ACD) = ar(BCD) है।

अत: ये दोनों त्रिभुज अवश्य ही एक ही समांतर रेखाओं के मध्य स्थित है।

इसलिए AB || DC है।

चतुर्भुज ABCD में AB || DC है अत: ABCD एक समलंब है।

प्रश्न 16 दी गई आकृति में, ar(DRC) = ar(DPC) है और ar(BDP) = ar(ARC) है। दर्शाइए कि दोनों चतुर्भुज ABCD और DCPR समलंब है।

उत्तर-



दिया है- ar(DRC) = ar(DPC) है और ar(BDP) = ar(ARC) है।

सिद्ध करना है- चतुर्भुज ABCD और DCPR समलंब है।

प्रमाण- ar(ARC) = ar(BDP) ...(1)

(दिया है) और ar(DRC) = ar(DPC) ...(2) (दिया है)

समीकरण (1) में से समीकरण (2) घटाने पर

ar(ARC) – ar(DRC) = ar(BDP) – ar(DPC)

या ar(ADC) = ar(BCD) ...(3)

अब △ADC और △BCD एक ही आधार DC और क्षेत्रफल में बराबर हैं समी. (3) से

अत: (एक ही आधार और क्षेत्रफल में बराबर त्रिभुज एक ही समांतर रेखाओं के मध्य-स्थित होते हैं।)

इसलिए, AB || CD है अत: ABCD एक समलंब है।

अब $\triangle DRC$ और $\triangle DPC$ एक ही आधार DC और समी. (2) से क्षेत्रफल में बराबर हैं।

अत: DC || RP है इसलिए DCPR एक समलंब है।

अत: चतुर्भुज ABCD और DCPR समलंब है।

प्रश्नावली 9.4 (पृष्ठ संख्या 198-200)

प्रश्न 1 समान्तर चतुर्भुज ABCD और आयत ABEF एक ही आधार पर स्थित हैं और उनके क्षेत्रफल बराबर हैं। दर्शाइए कि समान्तर चतुर्भुज का परिमाप आयत के परिमाप से अधिक है।

उत्तर- दिया है- समान्तर चतुर्भुज ABCD का आधार AB तथा इसी आधार AB पर ही समान क्षेत्रफल को आयते ABEF स्थित है।

सिद्ध करना है- समान्तर चतुर्भुज ABCD का परिमाप > आयत ABEF का परिमाप

उपपत्ति: $\triangle ADF$ में,

$\angle F = 90°$ (आयत का अन्त:कोण) $AF \perp EF$

$AF < AD$ (AD कर्ण है) ...(1)

इसी प्रकार $\triangle BCE$ में, $\angle E = 90°$ (आयत का बहिष्कोण = 90°)

$BE \perp CD$

$BE < BC$ ...(2)

समीकरण (1) व (2) को जोड़ने पर $(AF + BE) < (AD + BC)$

$AB = EF$ (ABDF आयत है।) और $AB = DC$ (ABCD समान्तर चतुर्भुज है।)

दोनों ओर क्रमशः $(AB + EF)$ और $(AB + CD)$ जोड़ने पर, $AB + BE + EF + AF < AB + BC + CD + DA$ अतः समान्तर चतुर्भुज का परिमाप > आयत का परिमाप।

प्रश्न 2 दी गई आकृति में, भुजा BC पर दो बिन्दु D और E इस प्रकार स्थित हैं कि $BD = DE = EC$ है। दर्शाइए। कि $ar(ABD) = ar(ADE) = ar(AEC)$ है।

क्या आप अब उस प्रश्न का उत्तर दे सकते हैं, जो आपने इस अध्याय की 'भूमिका' में छोड़ दिया था कि "क्या बुधिया का खेत वास्तव में बराबर क्षेत्रफलों B वाले तीन भागों में विभाजित हो गया है?"



उत्तर- दिया है- भुजा BC पर D और E दो बिन्दु इस प्रकार स्थित हैं कि $BD = DE = EC$ है।

सिद्ध करना है- $ar(\triangle ABD) = ar(\triangle ADE) = ar(\triangle AEC)$

रचना- शीर्ष से BC पर शीर्षलम्ब AP खींचा।

उपपत्ति: दिया है, BD = DE = EC

तीनों त्रिभुजों के आधार समान हैं। यह भी स्पष्ट है कि तीनों त्रिभुजों की एक ही ऊँचाई AP है।

तब तीनों त्रिभुजों के क्षेत्रफल भी समान होंगे।

अतः $ar(\triangle ABD) = ar(\triangle ADE) = ar(\triangle AEC)$ किसी त्रिभुज के आधार को n समान भागों में विभक्त कर सम्मुख शीर्ष से मिलाने पर त्रिभुज समान n भागों में विभक्त हो जाता है।



प्रश्न 3 दी गई आकृति में, ABCD, DCFE और ABFE समान्तर चतुर्भुज हैं। दर्शाइए कि ar(ADE) = ar(BCF) है।



उत्तर- दिया है- दी गई आकृति में चतुर्भुज ABCD, चतुर्भुज DCFE और चतुर्भुज ABFE समान्तर चतुर्भुज हैं।

सिद्ध करना है- ar(△ADE) = ar(△BCF)

उपपत्ति: ABCD एक समान्तर चतुर्भुज है। AD = BC DCFE एक समान्तर चतुर्भुज है। DE = CF

ABFE, एक समान्तर चतुर्भुज है।

AE = BF

अब △ADE तथा △BCF में,

AD = BC

DE = CF (अभी सिद्ध किया है)

AE = BF

△ADE = △BCF (भुजा-भुजा-भुजा सर्वांगसमता से)

ar(△ADE) = ar(△BCF)

प्रश्न 4 दी गई आकृति में, ABCD एक समान्तर चतुर्भुज है। BC को बिन्दु 1 तक इस प्रकार बढ़ाया गया है कि AD = CQ है। यदि AQ भुजा DC को P पर प्रतिच्छेद करती है तो दर्शाइए कि ar (BPC) = ar (DPQ) है।

[**संकेत-** AC को मिलाइए।]



उत्तर- दिया है- □ ABCD एक समान्तर चतुर्भुज है। BC को बिन्दु तक इस प्रकार बढ़ाया गया है। कि AD = CQ रेखाखण्ड AQ को मिलाया गया है जो DC को बिन्दु P पर प्रतिच्छेद करता है।

सिद्ध करना है- ar (ABPC) = ar (ADPQ) उपपत्ति

$\because \square$ ABCD एक समान्तर चतुर्भुज है।

$\therefore$ AD=BC और दिया है कि AD = CQ

$\therefore$ BC =CQ अर्थात् C, BQ का मध्य-बिन्दु है।

$\therefore$ PC, $\triangle$PBQ की माध्यिका है जो इसे A BPC और APCQ में विभक्त करती है।

$\therefore \operatorname{ar}(\triangle BPC) = \operatorname{ar}(\triangle PCQ) \ldots (1)$

AD =CQ और ADICQ ($\because$ AD||BC)

$\therefore \square$ ADQC एक समान्तर चतुर्भुज है जिसके विकर्ण AQ तथा CD है।

$\therefore$ P,CD का मध्य-बिन्दु है या PQ $\triangle$ ADQCकी माध्यिका है जो इसे $\triangle$DPQ और $\triangle$PCQ में विभक्त करती है।

$\therefore \operatorname{ar}(\triangle DPQ) = \operatorname{ar}(\triangle PCQ)$ तब समीकरण (1) व (2) से,

$\operatorname{ar}(\triangle BPC) = \operatorname{ar}(\triangle DPQ)$

प्रश्न 5 दी गई आकृति में, ABC और BDE दो समबाहु त्रिभुज इस प्रकार हैं कि D भुजा BC का मध्य-बिन्दु है। यदि AE भुजा BC को F पर प्रतिच्छेद करती है तो दर्शाइए कि

(i) $\operatorname{ar}(BDE) = \frac{1}{4}\operatorname{ar}(ABC)$

(ii) $\operatorname{ar}(BDE) = \frac{1}{2}\operatorname{ar}(BAE)$

(iii) $\operatorname{ar}(ABC) = 2\operatorname{ar}(BEC)$

(iv) $\operatorname{ar}(BFE) = \operatorname{ar}(AFD)$

(v) $\operatorname{ar}(BFE) = 2\operatorname{ar}(FED)$

(vi) $\operatorname{ar}(FED) = \frac{1}{8}\operatorname{ar}(AFC)$

[**संकेत-** EC और AD को मिलाइए। दर्शाइए कि BE || AC और DE || AB है, इत्यादि।]



उत्तर-

(i)

दिया है- दी गई आकृति में $\triangle ABC$ और $\triangle BDE$ दो समबाहु त्रिभुज

इस प्रकार हैं कि D भुजा BC को मध्य-बिन्दु है। रेखाखण्ड AE खींचा गया है जो BC को F पर प्रतिच्छेद करता है।

सिद्ध करना है- $\operatorname{ar}(\triangle BDE) = \frac{1}{4}\operatorname{ar}(\triangle ABC)$

रचना रेखाखण्ड BC और AD खींचे।

उत्पत्ति $\because$ D,BC का मध्य-बिन्दु है

$\therefore BD = DC$ या $BC = \frac{1}{2}BC$

तब समबाहु $\triangle BDE$ का क्षेत्रफल $= \frac{(BD)^2\sqrt{3}}{4}$

$\therefore \operatorname{ar}(\triangle BDE) = \frac{1}{4}\left(\frac{1}{2}BC\right)^2\sqrt{3}$

$\therefore \operatorname{ar}(\triangle \mathrm{BDE})=\frac{1}{4}\left[\frac{\mathrm{BC}^2 \sqrt{3}}{4}\right] \ldots(1)$

तब समबाहु $\triangle \mathrm{BDE}$ का क्षेत्रफल $=\frac{(\mathrm{BD})^2 \sqrt{3}}{4}$

$\therefore \operatorname{ar}(\triangle \mathrm{BDE})=\frac{\mathrm{BC}^2 \sqrt{3}}{4} \ldots(2)$

तब समीकरण (1) व (2) से

$\therefore \operatorname{ar}(\triangle \mathrm{BDE})=\frac{1}{4} \operatorname{ar}(\triangle \mathrm{ABC})$

(ii)

दिया है- दी गई आकृति में $\triangle \mathrm{ABC}$ और $\triangle \mathrm{BDE}$ दो समबाहु त्रिभुज

इस प्रकार हैं कि D भुजा BC को मध्य-बिन्दु है। रेखाखण्ड AE खींचा गया है जो BC को F पर प्रतिच्छेद करता है।

सिद्ध करना है- $\operatorname{ar}(\triangle \mathrm{BDE})=\frac{1}{2} \operatorname{ar}(\triangle \mathrm{ABE})$

$\because \triangle \mathrm{ABC}$ समबाहु त्रिभुज है

$\angle \mathrm{ACB}=60^{\circ}$ और $\triangle \mathrm{BDE}$ समबाहु त्रिभुज है

$\therefore \angle \mathrm{DBE}=60^{\circ}$ या $\angle \mathrm{CBE}=60^{\circ}$

$\because \angle \mathrm{ACE}$ और $\triangle \mathrm{CBE}$ समान एकान्त कोण है जो BE तथा AC को BC क्र काटने से बने है।

$\therefore \mathrm{BE} \| \mathrm{AC}$

$\because \triangle \mathrm{BAE}$ और $\triangle \mathrm{BEC}$ समान आधार BE पर सामन्तर रेखाओ BE व AC के मध्य स्थिर है।

$\therefore \operatorname{ar}(\triangle \mathrm{BDE})=\operatorname{ar}(\triangle \mathrm{DEC}) \ldots(3)$

$\because$ D,BC का मध्य बिंदु है

$\because$ DE, $\triangle \mathrm{BEC}$

$$\Rightarrow \text{ar}(\triangle BDE) = \frac{1}{2}\text{ar}(\triangle BEC)$$

$$2\text{ar}(\triangle BDE) = \text{ar}(\triangle BEC) \ldots (4)$$

तब समीकरण (3) व (4) से

$$2\text{ar}(\triangle BDE) = \text{ar}(\triangle BAE)$$

$$2\text{ar}(\triangle BDE) = \frac{1}{2}\text{ar}(\triangle BAE)$$

(iii)

दिया है- दी गई आकृति में $\triangle ABC$ और $\triangle BDE$ दो समबाहु त्रिभुज

इस प्रकार हैं कि D भुजा BC को मध्य-बिन्दु है। रेखाखण्ड AE खींचा गया है जो BC को F पर प्रतिच्छेद करता है।

सिद्ध करना है- $\text{ar}(\triangle BDE) = 2\text{ar}(\triangle ABE)$

समीकरण (4) से

$$2\text{ar}(\triangle BDE) = \text{ar}(\triangle BEC)$$

परन्तु परिणाम (1) से

$$2\text{ar}(\triangle ABC) = \frac{1}{4}\text{ar}(\triangle BAC)$$

$$\therefore 2\frac{1}{4}\text{ar}(\triangle BDE) = \text{ar}(\triangle BEC)$$

या $\frac{1}{2}\text{ar}(\triangle ABC) = \text{ar}(\triangle BEC)$

अतः $\text{ar}(\triangle ABC) = 2\text{ar}(\triangle BEC)$

(iv)

दिया है- दी गई आकृति में $\triangle ABC$ और $\triangle BDE$ दो समबाहु त्रिभुज

इस प्रकार हैं कि D भुजा BC को मध्य-बिन्दु है। रेखाखण्ड AE खींचा गया है जो BC को F पर प्रतिच्छेद करता है।

सिद्ध करना है- $\text{ar}(\triangle BFE) = \text{ar}(\triangle AFD)$

$\because \triangle BDE$ समबाहु त्रिभुज है।

$\angle BDE = 60^\circ$ और $\triangle ABC$ समबाहु त्रिभुज है।

$\angle ABC = 60^\circ \angle ABD = 60^\circ$

$\angle BDE$ और $\angle ABD$ बराबर एकान्तर कोण हैं जो AB और DE को BD के काटने से बने हैं।

$\therefore AB || DE$

$\therefore (\triangle BDE)$ और $\triangle ADE$ एक ही आधार DE और एक ही समान्तर रेखाओं AB और DE के बीच बने हैं।

$\therefore ar\triangle BDE = ar\triangle ADE$

$ar(\triangle BFE) + ar(\triangle FED) = ar(\triangle\ FED) + ar(\triangle AFD)$

तब $ar\triangle BFE = ar\triangle AFD$

(v)

दिया है- दी गई आकृति में △ABC और △BDE दो समबाहु त्रिभुज इस प्रकार हैं कि D भुजा BC को मध्य-बिन्दु है। रेखाखण्ड AE खींचा गया है जो BC को F पर प्रतिच्छेद करता है।

सिद्ध करना है-

$ar(\triangle BFE) = 2ar(\triangle FED)$

$\because \triangle ABC$ की भुजा $\triangle BDE$ की भुजा से दो गुनी है।

$\therefore \triangle ABC$ की ऊँचाई भी $\triangle BDE$ की ऊँचाई से दो गुनी होगी।

$\therefore GE : AD = 1 : 2$

यही अनुपात GF और FD में भी होगा; अत: $GF : FD = 1 : 2$

परन्तु $GD = BG = \frac{1}{4} = BC$

परन्तु $GD = GF + FD$

यदि $GF = a$ तो $FD = 2a$ होगा

तब $GD = a + 2a = 3a$

तब $BC = 2BD = 2(2BG) = 4BG = 4GD = 4 \times 3a = 12a$

$\Rightarrow BG = GD = 3a$

$\Rightarrow BD = 6a$

$GE\sqrt{BE^2 - BG^2} = \sqrt{(BD^2) - (BG^2)}$

$= \sqrt{(6a^2) - (3a^2)} = \sqrt{36a^2 - 9a^2} = \sqrt{27a^2}$

$GE = 3a\sqrt{3}$

$\therefore ar(\triangle BFE) = \frac{1}{2}BE \times GE = \frac{1}{2}(BG + GF)GE$

$= \frac{1}{2}(3a + a) \times (3a\sqrt{3})$

$(GE = 3a\sqrt{3}, BG = 3a, GF = a)$

$= \frac{1}{2}4a \times 3a\sqrt{3}$

$= 6a^2\sqrt{3}$

और $ar(\triangle FED) = \frac{1}{2}FD \times GE$

$= \frac{1}{2}(2a) \times 3a\sqrt{3}\ (FD = 2a)$

$= 3a^2\sqrt{3}$

$\therefore \frac{ar(\triangle BFE) = 6a^2\sqrt{3}}{ar(\triangle FED) = 3a^2\sqrt{3}} = \frac{2}{1}$

अतः $ar(\triangle BFE) = 2ar(\triangle FED)$

(vi)

दिया है- दी गई आकृति में $\triangle ABC$ और $\triangle BDE$ दो समबाहु त्रिभुज

इस प्रकार हैं कि D भुजा BC को मध्य-बिन्दु है। रेखाखण्ड AE खींचा गया है जो BC को F पर प्रतिच्छेद करता है।

सिद्ध करना है- $\operatorname{ar}(\triangle BDE)=\frac{1}{4}\operatorname{ar}(\triangle ABC)$

प्रश्न 6 चतुर्भुज ABCD के विकर्ण AC और BD परस्पर बिन्दु P पर प्रतिच्छेद करते हैं। दर्शाइए कि ar(APB) × ar(CPD) = ar(APD) × ar(BPC) है।

[**संकेत-** A और C से BD पर लम्ब खींचिए।]

उत्तर-



दिया है- $\square ABCD$ के विकर्ण AC और BD है जो परस्पर बिंदु P पर प्रतिच्छेद करते है।

सिद्ध करना है- $\mathrm{ar}(\triangle APB) \times \mathrm{ar}(\triangle CPD) = \mathrm{ar}(\triangle APD) \times \mathrm{ar}(\triangle BPC)$

रचना- A तथा C पर BD क्रमशः AM व CN लम्ब खींचे

उपपत्ति- $\mathrm{ar}(\triangle APB) = \frac{1}{2}\mathrm{AM} \times \mathrm{BP} \ldots (1)$

$\mathrm{ar}(\triangle APD) = \frac{1}{2}\mathrm{AM} \times \mathrm{DP} \ldots (2)$

$\mathrm{ar}(\triangle BPC) = \frac{1}{2}\mathrm{CN} \times \mathrm{BP} \ldots (3)$

$\mathrm{ar}(\triangle CPD) = \frac{1}{2}\mathrm{CN} \times \mathrm{DP} \ldots (4)$

समीकरण (1) को (2) से भाग देने पर

$$\frac{\mathrm{ar}(\triangle APB)}{\mathrm{ar}(\triangle CPD)} = \frac{\mathrm{BP}}{\mathrm{DP}} \ldots (5)$$

समीकरण (3) को (4) से भाग देने पर

$$\frac{\mathrm{ar}(\triangle BPC)}{\mathrm{ar}(\triangle CPD)} = \frac{\mathrm{BP}}{\mathrm{DP}} \ldots (6)$$

समीकरण (5) व (6) से

$$\frac{\mathrm{ar}(\triangle APB)}{\mathrm{ar}(\triangle CPD)} = \frac{\mathrm{ar}(\triangle BPC)}{\mathrm{ar}(\triangle CPD)}$$

व्रज-गुणन से $\mathrm{ar}(\triangle APB) \times \mathrm{ar}(\triangle CPD) = \mathrm{ar}(\triangle APD) \times \mathrm{ar}(\triangle BPC)$

प्रश्न 7 P और Q क्रमशः त्रिभुज ABC की भुजाओं AB और BC के मध्य-बिन्दु हैं तथा R रेखाखण्ड AP का मध्य-बिन्दु है। दर्शाइए कि-

i. $\mathrm{ar}(\triangle PRQ) = \mathrm{ar}(\triangle ARC)$

ii. $\mathrm{ar}(\triangle RQC) = \mathrm{ar}(\triangle ABC)$

iii. $\mathrm{ar}(\triangle PBQ) = \mathrm{ar}(\triangle ARC)$

उत्तर- दिया है- $\triangle ABC$ में भुजा AB का मध्य-बिन्दु Pऔर भुजा BC का मध्य-बिन्दु Q है।

बिन्दु R, रेखाखण्ड AP का मध्य-बिन्दु है।

सिद्ध करना है-

i. $\text{ar}(\triangle \text{PRQ}) = \text{ar}(\triangle \text{ARC})$

ii. $\text{ar}(\triangle \text{RQC}) = \text{ar}(\triangle \text{ABC})$

iii. $\text{ar}(\triangle \text{PBQ}) = \text{ar}(\triangle \text{ARC})$

रेखाखण्ड AQ व PC को मिलाया।

उपपत्ति-

i. Q. BC का मध्य-बिन्दु है जिससे $\text{AQ}, \triangle \text{ABC}$ की माध्यिका है।

$$\text{ar}(\triangle \text{AQB}) = \frac{1}{2}\text{ar}(\triangle \text{ABC})$$

P, AB का मध्य-बिन्दु है जिससे $\text{PQ}, \triangle \text{AQB}$ की माध्यिका है।

$$\therefore \text{ar}(\triangle \text{PBQ}) = \frac{1}{2}\text{ar}(\triangle \text{AQB})$$

$$\therefore \text{ar}(\triangle \text{PBQ}) = \frac{1}{2}\left[\text{ar}(\triangle \text{ABC})\right]$$

$$\therefore \text{ar}(\triangle \text{PBQ}) = \frac{1}{4}\text{ar}(\triangle \text{ABC}) \ldots (1)$$

और $\therefore \text{ar}(\triangle \text{PAC}) = \frac{1}{2}\text{ar}(\triangle \text{ABC}) \ldots (2)$

ii. $\triangle \text{PAC}$ में, आधार AP का मध्य-बिन्दु R है जिससे $\text{RC}, \triangle \text{PAC}$ की माध्यिका है।

$$\therefore \text{ar}(\triangle \text{ARC}) = \frac{1}{2}\text{ar}(\triangle \text{PAC}) \ldots (3)$$

समीकरण (2) व (3) से,

$$\therefore \text{ar}(\triangle \text{ARC}) = \frac{1}{4}\text{ar}(\triangle \text{ABC}) \ldots (4)$$

$\therefore \text{ar}(\triangle \text{AQB}) = \frac{1}{2}\text{ar}(\triangle \text{ABC})$ (समीकरण (1) से)

परन्तु P, AB का मध्य-बिन्दु है और $PQ, \triangle AQB$ की माध्यिका है।

$$\therefore \operatorname{ar}(\triangle AQP) = \frac{1}{2}\operatorname{ar}(\triangle AQB)$$

$$\therefore \operatorname{ar}(\triangle AQP) = \frac{1}{2}\left[\operatorname{ar}(\triangle ABC)\right] = \frac{1}{4}\operatorname{ar}(\triangle ABC)$$

$$\therefore \operatorname{ar}(\triangle AQP) = \frac{1}{4}\operatorname{ar}(\triangle ABC)$$

$\because R, AP$ का मध्य-बिन्दु है जिससे $QR, (\triangle AQP)$ की माध्यिका है।

$$\therefore \operatorname{ar}(\triangle PRQ) = \frac{1}{2}\operatorname{ar}(\triangle AQP) = \frac{1}{2}\left[\frac{1}{4}\operatorname{ar}(\triangle ABC)\right]$$

$$\therefore \operatorname{ar}(\triangle PRQ) = \frac{1}{8}\operatorname{ar}(\triangle ABC)\ldots(5)$$

अब समीकरण (5) में (4) से भाग देने पर,

$$\frac{\operatorname{ar}(\triangle PRQ)}{\operatorname{ar}(\triangle ARC)} = \frac{\frac{1}{8}\operatorname{ar}(\triangle ABC)}{\frac{1}{4}\operatorname{ar}(\triangle ABC)} = \frac{1}{8} \times \frac{4}{1} \times \frac{1}{2}$$

$$\Rightarrow \operatorname{ar}(\triangle PRQ) = \frac{1}{2}\operatorname{ar}(\triangle ARC)$$

iii. $\operatorname{ar}(\triangle ARC) = \frac{1}{2}\operatorname{ar}(\triangle ARC)$

$$\therefore \operatorname{ar}(\triangle RBC) = \operatorname{ar}(\triangle ABC) - \operatorname{ar}(\triangle ARC)$$

$= \operatorname{ar}(\triangle RBC) = \frac{3}{4}\operatorname{ar}(\triangle ABC)$ (समीकरण (4) से)

$$\therefore \operatorname{ar}(\triangle RBC) = \frac{3}{4}\operatorname{ar}(\triangle ABC)$$

परन्तु Q, BC का मध्य-बिन्दु है और $QR, \triangle RBC$ की माध्यिका है।

$$\therefore \operatorname{ar}(\triangle RQC) = \frac{1}{2}\operatorname{ar}(\triangle RBC) = \frac{1}{2}\left[\frac{3}{4}\operatorname{ar}(\triangle ABC)\right]$$

अतः $\operatorname{ar}(\triangle RQC) = \operatorname{ar}(\triangle ARC)$

प्रश्न 8 दी गई आकृति में, ABC एक समकोण त्रिभुज है। जिसका कोण A समकोण है। BCED, ACFG और ABMN क्रमशः भुजाओं BC, CA और AB पर बने वर्ग हैं। रेखाखण्ड AX ⊥ DE भुजा BC को बिन्दु Y पर मिलता है। दर्शाइए कि



(i) Δ MBC $\cong$ Δ ABD

(ii) ar (BYXD) = 2 ar (MBC)

(iii) ar (BYXD) = ar (ABMN)

(iv) Δ FCB $\cong$ Δ ACE

(v) ar (CYXE) = 2 ar (FCB)

(vi) ar (CYXE) = ar (ACFG)

(vii) ar (BCED) = ar (ABMN) + ar (ACFG)

उत्तर-

(i) दिया है- △ABC में ∠A समकोण है। त्रिभुज की भुजाओं AB, AC तथा BC पर क्रमशः ABMN, ACFG और BCED वर्ग बने हैं। रेखोखण्ड AX वर्ग BCED की भुजा DE पर लम्ब है, जो BC से Y पर मिलता है।

सिद्ध करना है- $\triangle MBC = \triangle ABD$

उपपत्ति- ABMN एक वर्ग है।

$\triangle MBC$

$\angle MBC = 90^\circ + \angle B$

इसी प्रकार $\triangle ABD$ में,

$\angle ABD = 90^\circ + \angle B$

$\triangle MBC$ और $\triangle ABD$ में,

$\angle MBC = \angle ABD$

$MB = AB$ (वर्ग की भुजाएं)

$MB = AB$ (वर्ग की भुजाएं)

$\triangle MBC \cong \triangle ABD$ (भुजा-कोण-भुजा सवार्गसमता से)

(ii) दिया है- △ABC में ∠A समकोण है। त्रिभुज की भुजाओं AB, AC तथा BC पर क्रमशः ABMN, ACFG और BCED वर्ग बने हैं। रेखोखण्ड AX वर्ग BCED की भुजा DE पर लम्ब है, जो BC से Y पर मिलता है।

सिद्ध करना है- ar(BYXD) = 2ar(MBC)

चतुर्भुज BYXD और $\triangle ABD$ दोनों ही उभयनिष्ठ आधार BD पर एक ही समान्तर रेखाओं के बीच स्थित हैं।

$ar(\square BYXD) = 2ar(\triangle ABD)$

परन्तु $\triangle ABD \cong \triangle MBC$

$ar(\triangle ABD) = ar(\triangle MBC)$

अतः $ar(\square BYXD) = 2ar(MBC)$

(iii)दिया है- △ABC में ∠A समकोण है। त्रिभुज की भुजाओं AB, AC तथा BC पर क्रमशः ABMN, ACFG और BCED वर्ग बने हैं। रेखोखण्ड AX वर्ग BCED की भुजा DE पर लम्ब है, जो BC से Y पर मिलता है।

सिद्ध करना है- ar(BYXD) = ar(ABMN)

$\square ABMN$ एक वर्ग है।

$\therefore MB || NA$ या $MB || NC$

$\because \triangle MBC$ और वर्ग ABMN एक ही आधार MB पर समान्तर रेखाओं MB और NC के बीच स्थित हैं।

$$\text{ar}(\square ABMN) = 2\text{ar}(\square AMBC)$$

तब परिणाम (1) से,

$$\text{ar}(\square BYXD) = 2\text{ar}(\square ABMN)$$

(iv) दिया है- △ABC में ∠A समकोण है। त्रिभुज की भुजाओं AB, AC तथा BC पर क्रमशः ABMN, ACFG और BCED वर्ग बने हैं। रेखोखण्ड AX वर्ग BCED की भुजा DE पर लम्ब है, जो BC से Y पर मिलता है।

सिद्ध करना है- $\triangle FCB = \triangle ACE$

$$\angle BCF + \angle BCA = \angle ACF = 90^\circ + \angle BCA$$

और $\therefore \angle ACE = \angle BCA + \angle BCE = 90^\circ + \angle BCA$

$$\therefore \angle BCF = \angle ACE$$

अतः $\triangle FCB$ और $\triangle ACE$ में

$$CF = AC$$

$$\angle BCF = \angle ACE$$

$$BC = CE$$

तब सर्वांगसमता के सिद्धान्त (S.A.S.) से,

$$\triangle FCB \cong \triangle ACE$$

(v) दिया है- △ABC में ∠A समकोण है। त्रिभुज की भुजाओं AB, AC तथा BC पर क्रमशः ABMN, ACFG और BCED वर्ग बने हैं। रेखोखण्ड AX वर्ग BCED की भुजा DE पर लम्ब है, जो BC से Y पर मिलता है।

सिद्ध करना है- ar(CYXE) = 2ar(FCB)

$\because \triangle ACE$ और $\square CYXE$ एक ही आधार CE पर एक ही समान्तर रेखाओं CE और AX के बीच स्थित हैं।

$\therefore \mathrm{ar}(\square CYXE) = \mathrm{ar}(\triangle ACE)$

परन्तु परिणाम (4) से, $\triangle ACE \cong \triangle FCB$

$\mathrm{ar}(\triangle ACE = \mathrm{ar}(\triangle FCB)$

अत: $\mathrm{ar}(\square CYXE) = 2\mathrm{ar}(\triangle FCB)$

(vi)दिया है- △ABC में ∠A समकोण है। त्रिभुज की भुजाओं AB, AC तथा BC पर क्रमशः ABMN, ACFG और BCED वर्ग बने हैं। रेखोखण्ड AX वर्ग BCED की भुजा DE पर लम्ब है, जो BC से Y पर मिलता है।

सिद्ध करना है- ar(CYXE) = ar(ACFG)

$\because \triangle FCB$ और $\square ACFG$ एक ही आधार CE पर एक ही समान्तर रेखाओं CE और AX के बीच स्थित हैं।

$\therefore \mathrm{ar}(\square ACFG) = \mathrm{ar}(\triangle FCB)$

परन्तु परिणाम (4) से, $\mathrm{ar}(\square ACFG) = 2\mathrm{ar}(\triangle FCB)$

(vii) दिया है- △ABC में ∠A समकोण है। त्रिभुज की भुजाओं AB, AC तथा BC पर क्रमशः ABMN, ACFG और BCED वर्ग बने हैं। रेखोखण्ड AX वर्ग BCED की भुजा DE पर लम्ब है, जो BC से Y पर मिलता है।

सिद्ध करना है- ar(BCED) = ar(ABMN) + ar(ACFG)

परिणाम (3) व परिणाम (6) को जोड़ने पर,

$\mathrm{ar}(\square BYXD) + \mathrm{ar}(\triangle CYXE) = \mathrm{ar}(\triangle ABMN) + \mathrm{ar}(\triangle CACFG)$

अतः $\mathrm{ar}(\triangle BCED) = \mathrm{ar}(\triangle ABMN) + \mathrm{ar}(\triangle ACFG)$